>

Title: Inclusion of Mal/Malla Kshatriya and Dandachhatra Majhi castes of Jharkhand in the list of Scheduled Castes.

श्री अजय कुमार (जमशेदपुर): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आपका ध्यान झारखंड के मल/मल्ला क्षत्रिय, दण्डछत्रा माझी जाति के बारे में ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। ये दोनों जातियां सामाजिक और आर्थिक रूप से काफी पिछड़ी हैं। पिछले 65 वर्षों से ये अपने को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में ये दोनों जातियां अनुसूचित जाति की सूची में शामिल हैं। वर्ष 2004-05 में अनुसूचित जनजाति अनुसंधान संस्थान, जो रांची का एक नामी संस्थान है, उन्होंने स्टडी की थी और झारखंड सरकार ने भारत सरकार को अनुशंसा करके इस संबंध में सूचित किया। यह खेद की बात है कि इस रिपोर्ट को भारत सरकार के पास भेजे हुए सात साल हो गए हैं। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करूंगा कि कृपया इन दोनों जातियों को मालक्षत्रिय और माझी को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाए।